डीएवीवी का फैसला, यूजी–पीजी परीक्षा में प्रश्न पत्रों के बीच नहीं मिलेगी गैप

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वायरस के चक्र को तोड़ने के लिए लगाए लॉकडाउन ने शैक्षणिक और परीक्षा से जुड़ी गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो चुकी है। अब देवी अहिल्या विश्वविद्यालय नई कार्ययोजना बना रही है। अधिकारियों की माने तो लॉकडाउन खत्म होने के दस दिनों के भीतर रुकी सभी परीक्षाएं करवाई जाएंगी। खास यह है कि परीक्षाएं जल्द निपटाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने पेपरों के बीच गैप नहीं रखने का फैसला लिया है। बताया जाता है कि इसे लेकर विश्वविद्यालय के अधिकारी सहमत हैं। ऐसा करने के पीछे दूसरी वजह यह भी है कि रिजल्ट जल्द घोषित किए जाए। इसे दाखिला प्रक्रिया में कोई अड़चनें न आए।

वायरस की गंभीरता को देखते हुए विश्वविद्यालय ने 20 मार्च से सारी परीक्षाएं स्थगित कर रखी है। बीए, बीकॉम, बीएससी (फर्स्ट, सेकंड और थर्ड ईयर), बीएड, बीपीएड, एमकॉम, एमएससी और एमए समेत अन्य कोर्स की परीक्षा प्रभावित हुई है। 21 दिन के लॉकडाउन की अवधि पूरी होने वाली है, लेकिन इसे बढ़ाया जा सकता है। इसके चलते परीक्षाएं जून से पहले होना संभव नहीं है। बताया जाता है कि जून के बाद विश्वविद्यालय के पास कम समय होगा। इसलिए अधिकारियों ने बैठक बुलाकर फैसला लिया है कि लॉकडाउन के बाद अटकी परीक्षाएं होगी। मगर पेपरों के बीच कोई छुट्टी यानी गैप नहीं दिया जाएगा। जिससे परीक्षा कम समय में निपटाई जा सके। ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों के पास विषय की तैयारी को लेकर कोई अतिरिक्त समय नहीं रहेगा। विश्वविद्यालय ने भी स्पष्ट कर दिया है कि विद्यार्थी लॉकडाउन के समय का बेहतर ढंग से इस्तेमाल कर पढ़ाई पूरी करें। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशेष तिवारी ने बताया कि परीक्षा और रिजल्ट के लिए कम समय मिलेगा। इसलिए परीक्षा को कम समय में निपटाया जाएगा। इतना ही नहीं पेपर होते ही कॉपियां जांचने के लिए भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि यूजीसी की तरफ से गाइडलाइन का इंतजार हो रहा है। उसके बाद ही विश्वविद्यालय का शेड्यूल बनाया जाएगा।